edX के साथ साझेदारी पर प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय स्टेट बैंक का edX के साथ साझेदारी की घोषणा

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) अपनी कार्यनीतिक प्रशिक्षण इकाई के माध्यम से ईडीएक्स के साथ साझेदारी की घोषणा करने पर गर्व महसूस कर रहा है। भारतीय स्टेट बैंक, भारत का एक अग्रणी बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा समूह और ईडीएक्स, ज्ञानार्जन का एक विश्वसनीय मंच दोनों के बीच के हुए समझौते के अनुसार, एसबीआई नवंबर 2020 से ईडीएक्स प्लेटफॉर्म पर एक व्यापक ओपन ऑनलाइन पाठ्यक्रम (एमओओसी) की शुरूआत करेगा।

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष दिनेश खारा ने कहा, "ईडीएक्स, जो कि सबसे बड़े एमओओसी प्लेटफॉर्म में से एक है के साथ एसबीआई की साझेदारी की घोषणा करते हुए मुझे अत्यधिक खुशी है। एमओओसी छात्रों एवं कामकाजी पेशेवरों के बीच किसी भी समय और कही भी ज्ञानार्जन करने की सुविधा उपलब्ध कराने के कारण तेजी से लोकप्रियता प्राप्त कर रहे है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस सहयोग से दुनिया भर के लाखों शिक्षार्थियों, व्यवसायोन्मुख व्यक्तियों और संगठनों को लाभ मिलेगा।”

एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक और कॉरपोरेट विकास अधिकारी श्री राणा आशुतोष कुमार सिंह ने कहा, "हम ईडीएक्स के साथ साझेदारी करते हुए अत्यधिक खुशी महसूस कर रहे हैं और भविष्य में इस संबंध को और मजबूत करने की उम्मीद करते हैं। हमारी साझेदारी का उद्देश्य कक्षाओं से परे परिप्रेक्ष्य और ज्ञान तक पहुंच का विस्तार करना है। हम आशा करते हैं कि आज की अत्यधिक परिवर्तनशील एवं प्रतिस्पर्धी दुनिया में हमारे पाठ्यक्रम शिक्षार्थियों को कौशल प्राप्त करने और उसे तेज करने में उनकी सहायता करेंगे।”

एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक और प्रमुख (कार्यनीतिक प्रशिक्षण इकाई) सुश्री जयश्री रेड्डी ने कहा, "ईडीएक्स की साझेदारी से हम दुनिया भर में शिक्षार्थियों को अपने पाठ्यक्रम प्रस्तावित करने के लिए उत्साहित हैं।” प्रारंभिक दौर में edx.org पर हम तीन एमओओसी प्रस्तावित कर रहे हैं - Unleashing Creativity at the Workplace, Relationship Marketing Strategy for Financial Services, तथा Conflict Resolution।व्यापक समृद्ध अनुभव और उत्कृष्ट शैक्षणिक योग्यता रखने वाले बैंकरों द्वारा इन पाठ्यक्रमों को तैयार और विकसित किया गया है।

Unleashing Creativity at the Workplace पाठ्यक्रम वैयक्तिक और संगठनात्मक दोनों ही स्तरों पर उत्कृष्टता बढ़ाने और कार्यनीति के रूप में सृजनात्मकता के महत्व और सृजनात्मकता के घटकों में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

Relationship Marketing Strategy for Financial Services पाठ्यक्रम का उद्देश्य 'खुले और पोषक संबंध' की मानसिकता स्थापित करने के साथ-साथ, ग्राहकों के साथ संबंध बनाए रखने के लिए विपणन कौशल के रूप में संबंधों को बढ़ावा देना है।

Conflict Resolution पाठ्यक्रम में संघर्ष के विभिन्न पहलुओं, संघर्ष के समाधान के महत्व, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, आत्म और परिस्थितिजन्य आकलन को शामिल किया गया है और संघर्ष के समाधान के लिए प्रेरक तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया गया है ।

इन पाठ्यक्रमों के लिए नामांकन आज से शुरू होते है, और प्रतिभागियों को कोई विशिष्ट शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है। पाठ्यक्रमों की अवधि चार से छह सप्ताह के लिए होगी, जिसमें प्रति सप्ताह दो से तीन घंटे का समय देना अपेक्षित है।

ईडीएक्स के सीईओ और एमआईटी के प्रोफेसर श्री अनंत अग्रवाल ने कहा, "एसबीआई अपने कार्यबल विकास पहलों के हिस्से के रूप में व्यवसाय के लिए पहले से इडीएक्स का उपयोग कर रहा है, जो प्रारम्भ से ही कर्मचारियों के बीच बहुत सफल रहा है। हर जगह पेशेवरों और संगठनों के लिए प्रासंगिक रणनीति, रचनात्मकता और विपणन में शुरुआती पाठ्यक्रमों के शुभारंभ के साथ, हम एसबीआई के साथ मिलकर अपने काम का विस्तार करने और इडीएक्स के पहले भारतीय साझेदार के रूप में उनका स्वागत करने के लिए अत्यधिक उत्साहित हैं।"

अतिरिक्त जानकारी:

- भारतीय स्टेट बैंक
- कार्यनीतिक प्रशिक्षण ईकाई
- Unleashing Creativity at the Workplace
- Relationship Marketing Strategy for Financial Services
- Conflict Resolution
- ईडीएक्स के बारे में